# आकाशवाणी शिमला

**24.07.2024** **1945 बजे**

## '' मुख्य समाचार''

- केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–मोदी सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश के लिए रेलवे का बजट 25 गुणा बढ़ा–4 स्टेशनों को विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन के तौर पर किया जाएगा विकसित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–इस वर्ष की पहली छमाही में एक करोड़ से अधिक सैलानी पहुंचे हिमाचल।
- राज्य सरकार ने मौजूदा सेब सीजन के दौरान बाहरी राज्यों के ट्रक चालकों को स्पेशल रोड़ टैक्स से दी छूट।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने के फैसले को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।

## अश्विनी वैष्णव

केन्द्रीय रेल और सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि केन्द्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए कुल 2 हजार 6 सौ 98 करोड़ रूपए के बजट का प्रावधान किया गया है। वे आज नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से तीन राज्यों हिमाचल, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यूपीए सरकार के समय रेलवे के लिए एक सौ 8 करोड़ का बजट दिया गया था जबकि इस बार मोदी सरकार ने रेलवे बजट में 25 गुना ज्यादा प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के अधिकांश रेलवे ट्रैक विद्युतिकृत हैं और यहां की भौगोलिक परिस्थितियां काफी अलग हैं इसलिए हिमालय टनलिंग मैथड के तहत कार्य किया जा रहा है। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने भानुपल्ली रेलवे लाईन और चण्डीगढ–बद्दी–नंगल–तलवाड़ा में चल रहे कार्यों का भी जिक्र किया। उन्होंने

कहा कि अम्ब अंदौरा–बैजनाथ–पपरोला, पालमपुर और शिमला को वर्ल्ड क्लास स्टेशन के तौर पर विकसित किया जाएगा।

**पर्यटक–आमद**

प्रदेश में पर्यटकों की आमद में बड़ी संख्या में इजाफा हुआ है और इस वर्ष की पहली छमाही में एक करोड़ से अधिक सैलानी हिमाचल पहुंचे। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल शिमला, मनाली, धर्मशाला, डलहौजी, किन्नौर और लाहौल–स्पीति पर्यटकों से गुलजार हैं। इस अवधि में कुल्लू ज़िले की 4 लाख 73 हजार 7 सौ 37 और शिमला ज़िले की 4 लाख 48 हजार 3 सौ 92 सैलानियों ने यात्रा की। प्रदेश में जुलाई माह में भी पर्यटकों का आगमन निरन्तर जारी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के अधिकांश मार्ग यातायात के लिए खुले हैं। उन्होंने कहा कि जुलाई महीने में हज़ारों की संख्या में पर्यटकों ने हिमाचल की सैर की और इस वर्ष के अन्त तक पर्यटकों की संख्या दो करोड़ से अधिक रहने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पर्यटकों की सुगम व सुरक्षित यात्रा और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने को प्राथमिकता प्रदान कर रही है।

**पैराग्लाईडिंग**

कांगड़ा जिला के बीड़ बिलिंग में 2 से 9 नवम्बर तक पैराग्लाईडिंग वर्ल्ड कप का आयोजन किया जाएगा। आज शिमला में पैराग्लाईडिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और प्रतियोगिता का प्रोमो जारी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है और बीड़ बिलिंग में पैराग्लाईडिंग वर्ल्ड कप का आयोजन होने से हिमाचल के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस प्रतियोगिता में करीब 45 देशों के पैराग्लाईडर हिस्सा लेंगे।

**भेंट**

भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर ने आज शिमला स्थित राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। राज्यपाल ने भारतीय रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने और राष्ट्र को समर्पित सेवाओं के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक बैंकिंग क्षेत्र के विकास और राष्ट्रीय उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रदेश में चलाए जा रहे वित्तीय साक्षरता और समावेशी अभियान की भी प्रशंसा की।

**सिकंदर**

केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश से 8 सौ 70 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं और इनके कंप्यूटरीकरण के लिए 16 करोड़ 88 लाख रूपये जारी किए गए हैं। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 88 कृषि व ग्रामीण विकास बैंकों के कंपयूटीकरण के लिए भी 56 लाख रूपये जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि अब तक हिमाचल प्रदेश के 7 सौ 37 किसानों को नेफेड पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है। अमित शाह ने बताया कि युवा सहकार योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में किसी भी सहकारी समिति से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

**उप–मुख्यमंत्री**

राज्य सरकार ने प्रदेश में मौजूदा सेब सीजन के दौरान बाहरी राज्यों के ट्रक चालकों को स्पेशल रोड टैक्स से छूट प्रदान की है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला में बताया कि हिमाचल में प्रवेश करने वाले दूसरे राज्यों के ट्रक चालक जो नेशनल परमिट के तहत कवर नहीं हैं को अन्य राज्यों में आलू व सेब के परिवहन के लिए विशेष पथ कर से तुरंत प्रभाव से छूट प्रदान की गई है। परिवहन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सेब और आलू के परिवहन के लिए विशेष पथ कर से छूट प्रदान करने से सभी हितधारकों को मदद मिलेगी। उप–मुख्यमंत्री ने कहा

कि प्रदेश में मानसून व सेब सीजन के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर सभी एहतियाती उपाय पूर्ण किए गए हैं।

**जयराम**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल सरकार द्वारा नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि राजनीति से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री प्रदेश के हितों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 27 जुलाई को होने वाली इस बैठक में राज्य सरकार हिमाचल के हितों के लिए वित्तीय सहायता और परियोजनाओं को लेकर अपना पक्ष रख सकती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इन मांगों पर केन्द्र सरकार गम्भीरता से विचार करती है लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा ऐसी महत्वपूर्ण बैठक का बहिष्कार करना प्रदेश के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को इस बैठक में शामिल होकर राजनीति से हट कर विकास के मुद्दों को लेकर हिमाचल से जुड़ी परियोजनाओं के लिए सहयोग मांगना चाहिए।

**धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज शिमला के खलीनी स्थित टीसीआईएल प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। वर्तमान में इस केंद्र में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास परियोजना के तहत रोबोटिक्स, एसक्यूएल, वीबी स्क्रिप्ट, पायथन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न उन्नत पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस केन्द्र में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम द्वारा प्रायोजित इन पाठ्यक्रमों के 35 प्रशिक्षुओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। संस्थान में प्रशिक्षुओं की कम उपस्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री ने प्रशिक्षुओं को बेहतर प्रशिक्षण माहौल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

**दृष्टिहीन संघ**

दृष्टिहीन संघ ने अपनी मांगों को लेकर आज शिमला स्थित सचिवालय के बाहर चक्का जाम किया जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। पिछले 2 सौ 74 दिनों से शिमला में धरने पर बैठे दृष्टिहीन बैकलॉग के खाली पदों को भरने की मांग के अलावा दृष्टिहीनों के लिए आरक्षित एक सौ 74 पद खत्म करने के विरोध में सरकार के खिलाफ लामबंद हुए हैं। संघ के सदस्य राजेश ठाकुर ने कहा कि पिछली बैठक में सरकार ने एक सौ 74 पद खाली बताए थे लेकिन चुनाव आचार संहिता हटने पर इन पदों को खत्म कर दिया गया है।

**सुरेश कश्यप**

सांसद सुरेश कश्यप ने लोकसभा में नियम 377 के तहत डॉक्टर यशवंत सिंह परमार मैडिकल कॉलेज नाहन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस मैडिकल कॉलेज की स्थापना 2016 में हुई थी और इसके लिए 2 सौ 90 करोड़ रूपए आबंटित किए गए थे लेकिन कॉलेज भवन का निर्माण कार्य शुरू होने के बावजूद लम्बित पड़ा है। सुरेश कश्यप ने कहा कि इससे ट्रेनी डॉक्टरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा से इस कार्य को जल्द दोबारा शुरू करवाने का आग्रह किया है।

**<u>कर्मचारी महासंघ</u>**

प्रदेश के कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों को लेकर आज शिमला के बचत भवन में अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महासंघ के राज्य पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष व कार्यकारिणी और विभिन्न विभागों के अध्यक्षों, सचिवों सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में कर्मचारियों के मुद्दों को लेकर सरकार से शीघ्र संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक बुलाए जाने की मांग की गई। इस मौके पर अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने बताया कि विभागों में कर्मचारियों के रिक्त पद शीघ्र भरने की मांग के अलावा कर्मचारियों की वेतन विसंगति, वर्ष 2016 के वेतन आयोग के अनुसार बकाया राशि का तुरंत भुगतान, 12 प्रतिशत महंगाई भत्ता और

दो बार संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण सहित अन्य मागों को लेकर मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा जाएगा।

**मुख्य समाचार**

- केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–मोदी सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश के लिए रेलवे का बजट 25 गुणा बढ़ा–4 स्टेशनों को विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन के तौर पर किया जाएगा विकसित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–इस वर्ष की पहली छमाही में एक करोड़ से अधिक सैलानी पहुंचे हिमाचल।
- राज्य सरकार ने मौजूदा सेब सीजन के दौरान बाहरी राज्यों के ट्रक चालकों को स्पेशल रोड़ टैक्स से दी छूट।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार करने के फैसले को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।